भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 448
(04 फरवरी, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए)

□ी॰एम॰ए॰वाई॰-जी॰ की सामाजिक सम□रीक्षा

448. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम और प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पी॰एम॰ए॰वाई॰-जी॰) के लिए सामाजिक समपरीक्षा दिशा-निर्देश लेकर आई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने भारत में सामाजिक समपरीक्षा की स्थिति संबंधी रिपोर्ट जारी की है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (घ): ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) और राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम (एनएसएपी) के संबंध में दिनांक 13 नवम्बर, 2019 को सामाजिक लेखा परीक्षा दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सामाजिक लेखा परीक्षा का मुख्य उद्देश्य इन योजनाओं के कार्यान्वयन में सामाजिक जवाबदेही सुनिश्चित करना है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत इन दोनों योजनाओं की सामाजिक लेखा-परीक्षा आयोजित करने की सुविधा के लिए सामाजिक लेखा-परीक्षा इकाईयां गठित की गई हैं। पीएमएवाई-जी और एनएसएपी की सामाजिक लेखा-परीक्षा की स्थिति के संबंध में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा कोई रिपोर्ट जारी नहीं की गई है।

*****